आकाशवाणी

क्षेत्रीय समाचार एकांश

देहरादून (उत्तराखण्ड)

रविवार 28.12.2025

समय 1305

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत ने इस वर्ष राष्ट्रीय सुरक्षा, खेल और विज्ञान से लेकर विश्व के सबसे बड़े मंचों तक– हर जगह अपनी मजबूत छाप छोड़ी है।
- श्री मोदी ने आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में बताया कि 'विकसित भारत युवा नेता संवाद' का दूसरा संस्करण शीघ्र ही आयोजित किया जाएगा।
- प्रदेश में अब तक सरकारी भूमि पर बनी कुल 571 अवैध मजारों को हटाया गया है।
- देहरादून में प्रशासन की टीम ने पिछले एक साल में भिक्षावृत्ति, बालश्रम व कूड़ा बीनने में संलिप्त रहे 267 बच्चों को रेस्क्यू किया।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत ने इस वर्ष राष्ट्रीय सुरक्षा, खेल और विज्ञान से लेकर विश्व के सबसे बड़े मंचों तक– हर जगह अपनी मजबूत छाप छोड़ी है। आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में, प्रधानमंत्री ने कहा कि 2025 ने हर भारतीय को गौरवान्वित करने वाले कई क्षण दिए। उन्होंने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' इस वर्ष हर भारतीय के लिए गर्व का प्रतीक बन गया। उन्होंने कहा कि दुनिया ने स्पष्ट रूप से देखा कि आज का भारत अपनी सुरक्षा से कोई समझौता नहीं करता।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि बदलते समय में मानव विकास के लिए अपनी जड़ों से जुड़े रहना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यह देखकर उन्हें बहुत खुशी होती है कि हमारी अगली पीढ़ी नई सोच और नए तरीकों के साथ अपनी सांस्कृतिक जड़ों को मजबूती से थामे हुए है।

श्री मोदी ने कहा कि आज पूरी दुनिया भारत को बड़ी आशा के साथ देख रही है। उन्होंने कहा कि भारत से उम्मीद की सबसे बड़ी वजह हमारी युवा शक्ति है। विज्ञान के क्षेत्र में भारत की उपलब्धियाँ, नए नवाचार और तकनीक का विस्तार दुनियाभर के देशों को प्रभावित कर रहा है।

राष्ट्रीय सम्मेलन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में मुख्य सचिवों के पांचवें राष्ट्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे। उन्होंने कल भी इस बैठक की अध्यक्षता की थी। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि सम्मेलन के दौरान उन्होंने शासन और सुधारों से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर गहन चर्चा की। तीन दिन का यह सम्मेलन शुक्रवार को शुरू हुआ था। सम्मेलन का उद्देश्य राष्ट्रीय विकास की प्राथमिकताओं पर निरंतर वार्ता के जरिए केंद्र–राज्य भागीदारी को मजबूत करना है। यह सम्मेलन सहयोगपूर्ण संघवाद की प्रधानमंत्री की दृष्टि के अनुरूप है। यह एक ऐसा मंच है जहां केंद्र और राज्य देश की मानव पूंजी क्षमता को

अधिकाधिक बढ़ाने और समावेशी तथा भविष्य के अनुरूप आर्थिक वृद्धि के लिए मिलकर रूपरेखा निर्धारित करते हैं। सम्मेलन का विषय–विकसित भारत के लिए मानव पूंजी है। इसमें राज्यों और केंद्र–शासित प्रदेशों के लिए सर्वोत्तम कार्यशैलियों को साझा किया जा रहा है। सम्मेलन में पांच मुख्य क्षेत्रों पर विस्तृत चर्चा हो रही है। इनमें बाल शिक्षा, स्कूल शिक्षा, कौशल विकास, उच्च शिक्षा, खेल और पाठ्येतर गतिविधियां शामिल हैं।

अवैध मजार

प्रदेश में अब तक सरकारी भूमि पर बनी कुल 571 अवैध मजारों को हटाया गया है। देर रात देहरादून में प्रशासन ने शास्त्री नगर, अजबपुर कलां क्षेत्र में सड़क किनारे बनी एक अवैध मजार को बुलडोजर से हटाया। नोटिस के बावजूद दस्तावेज न मिलने पर यह कार्रवाई की गई। लोगों से स्वयं ऐसे निर्माण हटाने की अपील की गई है। प्रशासन की ओर से इस कार्रवाई से लगभग दो सप्ताह पूर्व संबंधित स्थल पर नोटिस चस्पा किया गया था, जिसमें संरचना के निर्माण से जुड़े वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए थे। निर्धारित समयावधि में कोई जवाब प्राप्त न होने पर यह कार्रवाई की गई। जिलाधिकारी के निर्देश पर नगर मजिस्ट्रेट प्रत्यूष सिंह और एसडीएम हरि गिरी के नेतृत्व में नगर निगम की टीम ने अवैध मजार को हटाया। कार्रवाई के दौरान संरचना के नीचे किसी भी प्रकार के अवशेष नहीं पाए गए। हटाए गए मलबे को मौके से साफ कर दिया गया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि सरकारी भूमि पर अतिक्रमण कर बनाई गई अवैध संरचनाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है।

देहरादून

देहरादून में भिक्षावृत्ति, बालश्रम व कूड़ा बीनने में संलिप्त रहे बच्चे अब शिक्षा की ओर कदम बढ़ा रहे हैं। जिलाधिकारी सविन बंसल की पहल पर प्रशासन ने पिछले एक साल में ऐसे 267 बच्चों को रेस्क्यू किया। इन्हें साधु राम इंटर कॉलेज में बनाए गए इंटेंसिव केयर सेंटर में रखा गया। इनमें से 27 बच्चों को विभिन्न स्कूलों में दाखिला दिलाया गया। अब तक 154 बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ा जा चुका है। सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में इन बच्चों को क्षेत्रीय विधायक खजान दास, जिलाधिकारी सविन बंसल व मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह ने स्टेशनरी व स्कूल यूनिफॉर्म प्रदान कर औपचारिक तौर पर विद्यालयों में प्रवेश दिलाया। इन 27 बच्चों में से 10 बच्चों का दाखिला प्राथमिक विद्यालय परेड ग्राउंड में और 17 का साधुराम इंटर कॉलेज में कराया गया है। जिलाधिकारी ने बताया कि रेस्क्यू करके सेंटर में रखे गए बच्चों में से 127 का पूर्व में ही स्कूलों में दाखिला कराया जा चुका है। उन्होंने बताया कि स्कूलों में भेजने से पहले बच्चों को केयर सेंटर में मानसिक तौर पर तैयार किया जाता है।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में संचालित जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार कार्यक्रम के तहत कल प्रदेश के 13 जिलों में 135 शिविरों का आयोजन किया गया। इस दौरान 74 हजार से अधिक नागरिकों के आवेदन मौके पर ही प्राप्त किए गए, जिनमें से 8 हजार 408 आवेदनों का तत्काल निस्तारण किया गया। इन शिविरों के माध्यम से 13 हजार 934 प्रमाण पत्र जारी किए गए और 47 हजार 878 नागरिकों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ प्रदान किया गया।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर अधिकारी अब जनता को कार्यालयों के चक्कर नहीं लगवा रहे, बल्कि समस्या तक स्वयं पहुँच रहे हैं। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार अभियान के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि प्रदेश का कोई भी नागरिक शासन से वंचित न रहे। अधिकारी अब फाइलों में नहीं, बल्कि मैदान में दिखाई देने चाहिए।

नव वर्ष

नव वर्ष के जश्न को लेकर चमोली जिले के पर्यटक स्थल औली में बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंच रहे हैं। लेकिन अब तक औली में बर्फबारी न होने से कई पर्यटक मायूस नज़र आ रहे हैं। इसके बावजूद बड़ी संख्या में सैलानी यहां पहुंच रहे हैं और रोपवे, चेयरलिफ्ट तथा आसपास के पर्यटन स्थलों का लुत्फ उठा रहे हैं। पर्यटकों का कहना है कि वे बर्फीले ढलानों पर स्कीइंग और स्नो व्यू का आनंद लेने की उम्मीद से औली पहुंचे थे, लेकिन मौसम साफ रहने और बर्फ न गिरने के कारण उनकी उम्मीदों को झटका लगा है। स्थानीय होटल व्यवसायियों के अनुसार पर्यटकों की आमद से कारोबार में तो रौनक है, लेकिन बर्फ न होने से एडवेंचर टूरिज्म प्रभावित हो रहा है। सभी की निगाहें आने वाले दिनों में होने वाली संभावित बर्फबारी पर टिकी हुई हैं। मौसम विभाग के पूर्वानुमान को लेकर भी पर्यटक उत्सुक हैं ताकि उन्हें नए साल का स्वागत बर्फीले नज़ारे के बीच करने का मौका मिल सके।